तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

2 देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में स्वच्छता दीदियों की अहम भूमिकाः साय





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता के लिए 6 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापन कार्य हेतु मेकेनिकल इंजी विभाग में एक अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है। जिसके लिए 6 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित तिथि में समस्त शैक्षणिक प्रमाण.पत्रों के साथ प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ के नाम से प्रेषित कर सकते है अथवा कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अंशकालीन व्याख्याताओं की नियुक्ति एआईसीटीई मापदण्ड के अनुसार होगी और यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है एवं किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### जिले में 698.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 25 जुलाई तक 698.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 64.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 761.5 मिली मीटर, पुसौर में 732.5, खरसिया में 652, घरघोड़ा में 763.3, तमनार में 498.1, लैलूंगा में 601, मुकडेगा में 822.7, धरमजयगढ़ में 643, छाल में 670.6 एवं कापू में 836.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### इन्क्यूबेशन सेंटर एजेंसी चयन के लिए प्रस्ताव

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में जिला इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए विकास भागीदार एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी रायगढ़ कार्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एजेंसियों को दिनांक 25 अगस्त शाम 5 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों पर आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लाभ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से न केवल निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जा रहा है, बल्कि नागरिकों को संतुलित जीवनशैली, योग और आहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत वृद्धाश्रम बाजीनपाली, चक्रधर बालिका सदन रायगढ़, नीलांचल बाल गृहए प्राथमिक शाला तारापुर सहित अन्य चिन्हांकित स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर निःशुल्क औषधि वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ लिया। शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा मौसमी बीमारियों, जोड़ों के दर्द, अपाचन, सिरदर्द, तनाव आदि सामान्य व्याधियों के उपचार हेतु आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं।

ग्यारह गांवों में जमीन की खरीदी बिक्री और डायवर्सन पर लगी रोक

# रायगढ़ में रिंग रोड का सपना फिर जिंदा, 11 गांवों की जमीनों पर लगा बैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिलेवासियों के लिए वर्षों से अधूरे सपने जैसे बने रिंग रोड प्रोजेक्ट को आखिरकार नई उम्मीद मिल गई है। बजट में इस बहुप्रतीक्षित योजना को शामिल किए जाने के बाद अब ज़मीन पर इसके काम की शुरुआत हो चुकी है। प्रोजेक्ट के सर्वे की प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है और इसी कड़ी में 11 गांवों में जमीन की खरीदी बिक्री और डायवर्सन पर रोक लगा दी गई है।

वर्षों से अधर में लटकी रायगढ़ रिंग रोड परियोजना अब एक बार फिर धरातल पर उतरने की दिशा में बढ़ रही है। लंबे समय बाद इस योजना को बजट में शामिल किए जाने के बाद अब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का नया सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे की प्रक्रिया शुरू होते ही जमीनों की खरीद बिक्री और डायवर्सन को लेकर गतिविधियां तेज़ हो गई थीं। इससे प्रोजेक्ट की लागत और दिशा पर प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अनुविभागीय अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से 8 गांवों में जमीन की रजिस्ट्री और डायवर्सन पर रोक लगा दी है। बता दें रायगढ़ शहर के चारों ओर ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए रिंग रोड की ज़रूरत को वर्षों पहले पहचाना गया था। 2008 में इसका प्रस्ताव तैयार हुआ और 2009 में सर्वे भी हुआ। लेकिन बजट की कमी के चलते योजना ठंडे बस्ते में चली गई। इसके बाद 2019-20 में फिर से इस विषय पर चर्चा हुई, परंतु पुराना सर्वे अनुपयोगी हो गया क्योंकि अधिकांश क्षेत्रों में अब आबादी बस चुकी है।

### प्रभावित गांव के जमीन की लेनदेन न करें

रिंग रोड निर्माण से रायगढ़ शहर के ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी, औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और नए निवेश का रास्ता खुलेगा। प्रशासन की कोशिश है कि इस बार योजना कागजों में न सिमटे, बल्कि स्थानीय जनभागीदारी और नियोजित क्रियान्वयन के ज़रिए इसे सफल बनाया जाए। प्रभावित गांवों के नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी भूमि संबंधी लेन.देन से पहले प्रशासनिक आदेशों की जानकारी अवश्य लेंए अन्यथा आगे चलकर उन्हें नुकसान हो सकता है।

### इन गांवों में लगा है प्रतिबंध

दर्रामुड़ा, नेतनागर, गुड़गहन, नावापाली, जुर्दा, पंडरीपानी, गोपालपुर, तारपाली, भिखारीमाल, लामीदरहा, आमापाल, भेलवाटिकरा इत्यादि गांव हैं। जहां से रिंग रोड बनाए जाने का प्रस्ताव हुआ है।

### रायगढ़ रिंग रोड से जनता को ऐसे मिलेगा लाभ

- **ट्रैफिक से राहत :** शहर के भीतर जो भारी ट्रक, डंपर और बाहरी वाहन घुसते हैंए उनसे रोज जाम लगता है, दुर्घटना होती है, और आम आदमी परेशान होता है। रिंग रोड बनने के बाद ये वाहन शहर के बाहर से निकल जाएंगे।
- **बेहतर कनेक्टिविटी :** रायगढ़ में कई बड़े कारखाने, प्लांट और फैक्ट्रियां हैं। जिंदल, मोनेट, एमएसपी जैसे उद्योग। रिंग रोड से इन क्षेत्रों को सीधा और चौड़ा रास्ता मिलेगा, जिससे ट्रांसपोर्ट आसान और तेज होगा।
- **विकास की संभावनाएं :** रिंग रोड के किनारे-किनारे नए मार्केट, टाउनशिप, गोदाम, होटल, पेट्रोल पंप और स्कूल खुल सकते हैं। इससे रोजगार बढ़ेगा, शहर फैलेगा और व्यापार चमकेगा।
- **शहर के भीतर सुगमता :** जब भारी वाहनों का बोझ कम होगा, तो शहर के भीतर की सड़कें सुरक्षित, शांत और बेहतर बनेंगी। लोग पैदल, बाइक या साइकिल से भी निश्चिंत होकर चल सकेंगे।
- **प्रदूषण में कमी :** रोज शहर के बीच से गुजरने वाले हजारों ट्रकों से धूल, धुआं और शोर फैलता है। रिंग रोड बनते ही ये सब बाहर रहेगा, जिससे शहर में प्रदूषण कम होगा और हवा साफ मिलेगी।
- **ज़मीन की कीमतों में इज़ाफा :** रिंग रोड के आसपास की जमीन की मांग बढ़ेगी। जिनके पास वहां जमीन है, उन्हें भविष्य में अच्छा दाम मिलेगा।
- **आपातकाल में वैकल्पिक रास्ता :** अगर कभी शहर में कोई आपदा या बड़ा ट्रैफिक जाम हो, तो रिंग रोड एक वैकल्पिक और तेज रास्ता बन जाएगा। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस जैसी सेवाओं को फायदा होगा।
- **स्मार्ट सिटी की तरह बनेगा रायगढ़ :** आज हर स्मार्ट सिटी में रिंग रोड या आउटर बायपास होता है। रायगढ़ को भी इससे एक व्यवस्थित और आधुनिक शहर का दर्जा मिलेगा।

### 2008 में बना था प्रस्ताव, लेकिन नहीं मिला था बजट

रिंग रोड का विचार कोई नया नहीं है। वर्ष 2008 में पहली बार लोक निर्माण विभाग द्वारा यह प्रस्ताव तैयार किया गया था और 2009 में इसका प्रारंभिक सर्वेक्षण भी कराया गया था। लेकिन बजट स्वीकृति नहीं मिलने के कारण योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्ष 2019-20 में एक बार फिर इस प्रस्ताव को खंगाला गया, परंतु पुराने सर्वे के अनुसार कई जमीनों पर अब आबादी बस चुकी थी, जिससे वह रिपोर्ट अमान्य हो गई। बहरहाल एक बार फिर से रिंग रोड की तैयारी शुरू हो चुकी है।

### रिंग रोड के लिए संयुक्त टीम कर रही सर्वेक्षण

वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा फिर से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए संयुक्त टीम प्रभावित गांवों में जाकर नक्शा तैयार कर रही हैए ताकि कम से कम निजी और वन भूमि प्रभावित हो। लेकिन सर्वे की खबर लगते ही कई क्षेत्रों में भूमि की अवैध खरीदी.बिक्री और डायवर्सन शुरू हो गई थी, जिससे परियोजना की लागत और क्रियान्वयन पर असर पड़ने की आशंका बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीडब्लूडी के पत्र के आधार पर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से 8 गांवों में जमीन की रजिस्ट्री और डायवर्सन पर आस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है।

### स्टेट बैंक ने व्यापारियों को किया चिल्हर का वितरण



**अकलतरा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा अकलतरा शाखा प्रबंधक सौरभ झा एवं छत्तीसगढ़ चेंबर साहब कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया की उपस्थिति में नगर के व्यापारियों को चिल्लर सिक्कों का वितरण किया गया। चर्चा में श्री झा एवं श्री केडिया ने बताया कि आज कल में डेढ़ लाख रुपए के 10 रुपए के सिक्के नगर में वितरित करना प्रारंभ कर दिया गया है तथा इसी सप्ताह 5 एवं 10 रुपए के चिल्हर सिक्कों का वितरण किया जा सकेगा। इससे फिलहाल चिल्हर के अभाव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी।चिल्हर का वितरण प्रति व्यक्ति 1000 रुपए रुपए के मानदंड से सभी को किया जाना बताया गया। नगर के व्यापारियों को उन्होंने सूचित करते हुए बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा अकलतरा में अभी चिल्हर सिक्कों का वितरण किया जाना है। प्रयास है, नगर में चिल्हर की किल्लत दूर हो सके और चिल्हर का दुरुपयोग भी न किया जा सके। चैंबर ने छोटे 10 एवं 20 के करेंसी नोट के वितरण की मांग की है।

# नदी किनारे बस्तियों पर विशेष निगरानी टैक्सदाताओं को 6 प्रतिशत की छूट

**रायगढ़।** शहर में रुक.रुक कर हो रही बारिश के कारण जलभराव, पेड़ गिरने और बिजली की तारों से खतरे की स्थिति बन रही है। ऐसे हालातों को देखते हुए नगर निगम रायगढ़ पूरी तरह सतर्क हो गया है। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शुक्रवार को आयोजित टाइम लिमिट बैठक में साफ निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत क्विक रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय किया जाए और राहत कार्य में देरी न हो। आयुक्त ने कहा कि मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी हैए ऐसे में इंजीनियरिंगए राजस्व और सफाई विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जलभराव, पेड़ या विद्युत केबल गिरने जैसी घटनाओं की सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र में तत्काल



पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया जाए और निवासियों को सुरक्षित किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, लोक शिकायत पोर्टल और नगर निगम कार्यालय में प्राप्त करीब 70 जन आवेदनों पर चर्चा की गई। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने इन सभी आवेदनों का तय समयसीमा में निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने की सलाह दी। नगर निगम ने शहरवासियों को संपत्ति कर में राहत देते हुए घोषणा की है कि जो लोग 31 जुलाई तक चालू वित्तीय वर्ष का संपत्ति कर जमा करेंगेए उन्हें 6 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की कि निर्धारित समय सीमा में कर जमा कर छूट का लाभ लें और शहर के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

कोतरारोड पुलिस ने पड़ोसी की चालाकी पकड़ी

# ट्रेलर नंबर की चोरी में फंसा पड़ोसी कोतरारोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है, जहां एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी के ट्रेलर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर उसकी जानकारी और अनुमति के बिना उसके ही पड़ोसी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार खरसिया के मदनपुर बिजली ऑफिस के पास रहने वाले ट्रांसपोर्टर नंदन झा पिता बृजकिशोर झा, उम्र 40 वर्ष ने 24 जुलाई को कोतरारोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनके स्वामित्व वाला ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 5772 है, जिसे वे खुद संचालित करते हैं। लेकिनए पास में ही रहने वाला पड़ोसी अनुप तिवारी इस वाहन नंबर का उपयोग अपने पुराने ट्रेलर पर कर रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है




कि यदि उस फर्जी ट्रेलर वाहन से कोई दुर्घटना या गैरकानूनी गतिविधि होती, तो कानूनन उस अपराध का दंड उसके असली रजिस्ट्रेशन नंबर धारक यानी खुद उसे भुगतना पड़ता। कोतरारोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही शुरू की। आरोपी अनुप कुमार तिवारी पिता रामशंकर तिवारी, उम्र 45 वर्ष, निवासी मदनपुर, खरसिया को पूछताछ के लिए तलब किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में ही आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसने अपने पुराने ट्रेलर वाहन पर पड़ोसी का रजिस्ट्रेशन नंबर लगाकर वाहन का संचालन किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उक्त ट्रेलर वाहन सीजी 13 डी 5772 को जब्त कर लिया।

### पुलिस टीम की तत्परता सराहनीय

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक करुणेश कुमार राय और आरक्षक चंद्रेश पाण्डेय की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस की इस तत्परता से साफ है कि जालसाजी व फर्जीवाड़े को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## झमाझम बारिश से पूरा अंचल तरबतर छोटे नाले उफान पर, कई मार्ग अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

झमाझम बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया। जांजगीर चांपा और नवगठित जिला सक्ती क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गए। जिसके कारण कुछ मार्गो पर अवरूद्ध रहा। इधर बारिश से सड़क, मैदान सहित कई शासकीय परिसर भी जलमग्न हो गए। इसके अलावा बिजली सप्लाई व्यवस्था भी शहर सहित ग्रामीण अंचलों में घंटो ठप रही। जिले में लगातार बारिश से पूरा अंचल पानी पानी हो गया है। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश रूक रूककर गुरूवार रात तक होती रही। लगातार बारिश से जिले के शहरी इलाकों में अधिकांश जगहों पर जल जमाव हो गया है। शहर की नालियां पाटो पाट बहने लगी और कई गली मोहल्लों में पानी भर गया है। शहर के बीडी महंत उपनगर, नैला मुख्य मार्ग, चंदनियापारा, शांति नगर, इंदिरा, सारथी मोहल्ला में जगह जगह बरसाती पानी का जमाव हो गया। वहीं कई जगहों पर बरसाती पानी के घरों में घुसने की भी समस्या रही।

## जनपद कार्यालय बना तालाब, चैंबर तक पहुंचा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

जनपद कार्यालय के परिसर में पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बारिश के पानी ने पूरे परिसर को डुबा दिया है। कर्मचारियों के आने-जाने का रास्ता पानी से भरा हुआ है और अधिकतर चैंबरों में पानी घुस चुका है। कुछ जगहों पर तो फर्नीचर और दस्तावेज भी पानी की चपेट में आ गए हैं।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से चेंबर तक पानी घुस गया है। एक वरिष्ठ कर्मचारी ने बताया कि हर साल यही हाल होता है। पानी भरने से ऑफिस का कामकाज ठप हो जाता है। कई बार शिकायत की गई है, पर आज तक न तो नाली की सफाई कराई गई और न ही जल निकासी की कोई ठोस योजना बन पाई है। कर्मचारियों को मजबूरी में टेबल



और कुर्सियां उठाकर खुद ही पानी निकालने की मशक्कत करनी पड़ रही है। बरसात का पानी चैंबर के अंदर जमा होने से वहां बदबू और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी रोष जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में सीईओ प्रज्ञा यादव का कहना है कि पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने बात चल रही है ।

## अधिक ब्याज का लालच देकर एक करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अधिक ब्याज का लालच देकर 1 करोड़ 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नकुल साहू उम्र 51 वर्ष डीडी प्लाजा जांजगीर निवासी और उसके अन्य साथी के द्वारा लोगों को कम समय में अधिक ब्याज देने का लालच देकर लोगों से किस्त-किस्त में नगद एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिया है। जमा किये पैसा को वापस




मांगने पर आनाकानी कर रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर परमेंद्र कुमार व अन्य लोगों से एक करोड़ 15 लाख लेकर धोखाधड़ी किया। जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।


जरूरत पर नहीं मिलता सिग्नल, लाइट जाने के बाद सिग्नल भी चला जाता है

# गढ़उमरिया में जिओ नेटवर्क का डब्बा गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के गढ़उमरिया गांव में रिलायंस जिओ की सेवा पूरी तरह राम भरोसे चल रही है। यहां जैसे ही बिजली जाती है, वैसे ही मोबाइल नेटवर्क भी गायब हो जाता है। और जब बिजली आती है, तब कहीं जाकर नेटवर्क लौटता है। यह आलम सिर्फ कुछ दिनों का नहीं, बल्कि काफी समय से बना हुआ है, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं की परेशानी चरम पर पहुंच गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिओ टॉवर पर रखरखाव का जिम्मा जिन लोगों को सौंपा गया है, उनकी लापरवाही से यह हालात बने हैं। ग्रामीणों का दावा है कि बिजली कटने के बाद टॉवर के जनरेटर को चालू नहीं किया जाता, क्योंकि डीजल की खपत से बचा जा रहा है। इसके अलावा,



कुछ दिनों पहले कंपनी ने खुद का ट्रांसफार्मर भी बंद कर दिया है। जिससे टॉवर को गांव की बिजली से चलाया जाता है। ऐसी स्थिति में लोड अधिक होने की स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे गांव का ट्रांसफार्मर भी खराब होता है। कई बार ट्रांसफार्मर भी बदला जा चुका है। गुरुवार को तो हद हो गई, जब गांव में लगभग 6 घंटे तक बिजली बंद रही। इस छह घंटे में लोगों को मोबाईल का नेटवर्क भी नहीं मिला। ग्रामीण अर्जेंट काल भी नहीं कर पा रहे थे।

### रीचार्ज करवाओ, पर नेटवर्क मत मांगो

ग्रामीणों का गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि हर महीने मोबाइल रीचार्ज तो करवाया जाता है, लेकिन जब जरूरी समय पर कॉल करने या इंटरनेट चलाने की बात आती है, तब नेटवर्क नदारद होता है। इससे तंग आकर कई लोग अब जिओ का सिम छोड़कर अन्य कंपनियों में पोर्ट करा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं को अब मजबूरी में दो सिम रखना पड़ रहा है। एक जिओ का और दूसरा किसी दूसरी कंपनी का, ताकि कम से कम जरूरत की घड़ी में संपर्क बना रहे।

### अधिकारी बेखबर, उपभोक्ता बेबस

गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नेटवर्क समस्या की शिकायत की, लेकिन अब तक न तो डीजल जनरेटर की व्यवस्था हुई और ना ही कंपनी ने इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण कदम उठाया। इससे साफ जाहिर होता है कि जिओ के अधिकारी और तकनीकी स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहे हैं। जब इस संबंध में जिओ के एक टेक्नीशियन से बात की गईए तो उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसा हाल सिर्फ गढ़उमरिया में ही नहीं, बल्कि जिले के कई गांवों में यही स्थिति है।

# कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटा लॉयंस क्लब मिडटाउन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सावन की पवित्र बेला में भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा में जुटे लॉयंस क्लब रायगढ़ मिडटाउन ने एक अनुकरणीय पहल की है। क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में 22 जुलाई की रात गोरखा स्थित गणपति ऑटो डील परिसर में कांवड़ियों के लिए विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

बता दे कि सावन के पवित्र महिने में श्रद्धालु कांवड़ लेकर निकलते है। कांवड़ियों की सेवा करने जगह-जगह पर शिविर लगाकर लोग उनकी सेवा करते है। इसी क्रम में कार्यक्रम संयोजक लॉयन राजेश बब्बल के सानिध्य में आयोजित इस सेवा शिविर में देर रात 11 बजे से कांवड़ यात्रियों को जलपान, फल व अन्य जरूरी सामग्री वितरित की गई। लॉयंस क्लब मिडटाउन के सदस्यों ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ कावड़ियों के लिए आयोजित इस सेवा कार्य को सफल बनाया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी ने कहाए यह हमारा सौभाग्य है कि सावन शिवरात्रि जैसे पुण्य अवसर पर भोलेनाथ के भक्तों कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का मौका मिला। इस सेवा से लॉयंस क्लब मिडटाउन के सभी सदस्यों को आत्मिक संतुष्टि मिली।

**खास बात**
- कांवड़ियों को फल सहित जरुरी सामग्रियों का किया गया वितरण

इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव अमित मोदी, कोषाध्यक्ष लॉयन बृजमोहन अग्रवाल, लॉयन दयानंद अवस्थी, लॉयन राजेश बब्बल, लॉयन शिवशंकर अग्रवाल, लॉयन दीपक डोरा, श्रीकांत पांडेय, विजय हरि अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सुनील गर्ग, संजू छाबड़ा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## खबर संक्षेप

### सहकारी समितियों में कार्यशाला



**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किसानों को फसल बीमा एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी देने के लिए जिले के 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में कैलेंडर बना कर आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में फसल बीमा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जा रहा है। इन कार्यशालाओं में समिति के किसानों को फसल बीमा कराने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा कर समझाया गया। जिसमें सभी किसानों द्वारा फसल बीमा कराने हेतु उत्साह दिखाया गया। इस कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समिति के कर्मचारी एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 6329.9 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 6329.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 जुलाई तक की स्थिति में 4384.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 388.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 663.0 मिमी, मनोरा में 818.6 मिमी, कुनकुरी में 902.2 मिमी, दुलदुला में 390.6 मिमी, फरसाबहार में 530.6 मिमी, बगीचा में 668.7 मिमी, कांसाबेल में 613.5 मिमी, पत्थलगांव में 522.3 मिमी, सन्ना में 760.8 मिमी एवं बागबहार में 459.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** घर से नबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले कि रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत हरिजन पारा निवासी 21 वर्षीय मनोज कुमार आ. रामा जबरन घर में घुसकर 17 वर्षीया नाबालिग को धमकी देकर अपने मामा के घर ले गया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में किशोरी के परिजन कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 333, 351(1) 137(2), 64 व 4,6 पोक्सो एक्ट तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ट्रक की चपेट में आकर मासूम की मौत, मां घायल

**राजपुर।** ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई बाइक सवार दम्पति दुर्घटना के शिकार हो गए। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई लेकिन जबक 11 महीने के मासूम बच्चे की कुचलकर मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है। वहीं मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है की कुसमी सेरेंगदाग निवासी सुरजीत कुमार आ. राजेश्वर सोनवानी, पीटीआई 20 वर्षीया सविता सुरजीत के साथ अपने ससुराल नवकी आया हुआ था। सुरजीत गुरुवार की शाम बाईक क्रमांक सीजी 30 जी 4677 से पत्नी को लेकर 11 माह के बच्चे अंश कुमार का उपचार कराने के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रहा था। वहीं ट्रक क्रमांक बीआर 01 जीजी 6860 रायपुर से सीमेंट, पुट्टी लोड कर आसाम जा रहा था। इस दौरान जैसे ही ट्रक नगर के गांधी चौक के समीप पहुंचा बाइक चालक सुरजीत कुमार ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। जैसे ही युवक ट्रक को ओवरटेक कर आगे बढ़ा युवक कि पत्नी सवीता सुरजीत की साड़ी बाइक के पिछले चक्के में फंस गई। बाइक के चक्के में साड़ी फंसने से सविता दूर जा गिरी लेकिन उसकी गोद में मौजूद 11 महीने का बच्चा ट्रक के समीप ही गिरा। सडक पर गिरते ही ट्रक का पहिया मासूम बच्चे के हाथ पर चढ़ गया और बच्चे का हाथ कुचल गया। वहीं महिला के हाथ व कंधे में चोट आई।

# देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में स्वच्छता दीदियों की अहम भूमिका: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिन्होंने निष्ठा, परिश्रम और सेवा-भावना के साथ समाज को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित सम्मान समारोह में स्वच्छता दीदियों को साड़ी, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ स्वच्छता हम सभी की है जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर एक प्राकृतिक रूप से समृद्ध और सुंदर जिला है, लेकिन पहले जब वे गांवों का दौरा करते थे, तो सड़कों के किनारे फैला कचरा गांवों और नगरों की सुंदरता को धूमिल कर देता था। इस स्थिति को बदलने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर इसे राष्ट्रीय जनआंदोलन में परिवर्तित किया। उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर लोगों को प्रेरित किया और गांव-गांव, शहर-शहर स्वच्छता की अलख जगाई। उन्होंने हर नागरिक को स्वच्छ और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में हमारी स्वच्छता दीदियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके अथक परिश्रम और समर्पण का ही परिणाम है कि आज जशपुर जिले ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वे वास्तव में सम्मान की पात्र हैं, क्योंकि उन्होंने हमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में अमूल्य योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले, चौराहे, मंदिर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई को अपना कर्तव्य मानें और स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें।

उल्लेखनीय है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी स्वच्छता सुधारों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन हेतु स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत 4,589 शहरों को शामिल किया गया था। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण में जशपुर जिले के नगरीय निकायों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन कर देश भर में अपना परचम लहराया है।इसमें जशपुरनगर ने 20,000 से 50,000 की जनसंख्या वर्ग में पूरे देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है, जो कि 2023 की 505वीं रैंकिंग से एक लंबी छलांग है। इसी वर्ग में नगर पंचायत कुनकुरी ने 13वां रैंक, नगर पंचायत पत्थलगांव ने 30वां रैंक, नगर पंचायत बगीचा ने 51वां रैंक, और नगर पंचायत कोतबा ने 64वां रैंक हासिल किया है। यह असाधारण उपलब्धि स्वच्छता दीदियों के परिश्रम और प्रशासनिक टीम के समन्वित प्रयास का प्रतिफल है।



स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते सीएम।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस को सीएम ने किया हरी झंडी दिखा कर रवाना



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया स्थित कैम्प कार्यालय से आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा सीएसआर निधि से प्रदत्त इस एम्बुलेंस में बेसिक लाइफ स्पोर्ट सिस्टम के साथ अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। यह एम्बुलेंस मनोरा में लोगों की सुविधा के लिए रखी जायेगी। इसकी सेवाएं पूरे जिले में ली जा सकेंगी। एम्बुलेंस के माध्यम से समय सीमा के अंदर आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी सहूलियत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को इससे तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया स्थित अपने निवास कार्यालय में जनदर्शन लेकर लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के लिए निर्देशित भी किया। जनदर्शन के दौरान ग्राम जामबहार, तहसील फरसाबहार की फूलमती बाई उम्र 55 साल की एक दुर्घटना में गिरने की वजह से चलने फिरने में काफी दिक्कत हो रही थी। मुख्यमंत्री के समक्ष फूलमती ने अपनी परेशानियों का उल्लेख किया और ट्राईसाईकिल की मांग की। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर उन्हें तत्काल ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। ट्राईसाईकिल मिलने पर फूलमती ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिले इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों के विकास के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। जनदर्शन के माध्यम से जमीनी स्तर पर ग्रामीणजनों को हो रही समस्याओं कि जानकारी मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

## रक्त दान करना पुनीत कार्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैम्प कार्यालय बगिया में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया और रक्त मित्र पुस्तिका का भी विमोचन किया। पुस्तिका में जिला प्रशासन ने अभिनव पहल करते हुए 480 रक्त दाताओं का नाम और मोबाइल नम्बर का उल्लेख किया गया है। जिन मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ेगी वे दिए गए सम्पर्क नम्बर में फोन करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने नीरज शर्मा, अजय कुमार कुशवाहा, शिव नारायण सोनी को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और रक्त मित्र नव पहल के लिए धन्यवाद दिया। रक्त मित्र डायरेक्ट्री बनाकर एक पुनीत कार्य किया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। अब इस डायरेक्ट्री के माध्यम से हर जरूरतमंद तत्काल रक्तदाताओं से संपर्क स्थापित कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा मुझे खुशी हो रही है कि हमारे जशपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग स्वैच्छिक रक्तदान करने समेत स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी देकर जीवन रक्षा और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां रक्तदाता सदस्यों को प्रमाण पत्र देते हुए मैं स्वयं भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, क्योंकि कहा जाता है कि जीवन दान देने वाला ईश्वर के समकक्ष होता है।



आपने रक्तदान कर किसी को जीवनदान देने का काम किया है। हम सभी जानते हैं कि रक्त का हमारे जीवन में कितना महत्व है। सही समय पर सही रक्त समूह का रक्त मिलने से किसी के प्राणों की रक्षा हो सकती है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। हम देखते हैं कि छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से ही किया जाता है। आज इस मंच से मैं लोगों से यह आह्वान करना चाहता हूं कि आप यथासंभव रक्तदान कर जीवनरक्षा का पुनीत कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए एम्बुलेंस को हरी झंडी भी दिखाई। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार सभी नागरिकों को त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए संकल्पित है। हम छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी प्राथमिकता रही है कि हर नागरिक को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मिले। इस अवसर सरगुजा विकाश प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता कलेक्टर रोहित व्यास एसएसपी शशि मोहन सिंह, डिप्टी कलेक्टर हरि ओम द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, रेडक्रास सोसायटी के रूपेश प्राणी ग्राही और जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 3 सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन की मिली स्वीकृति



पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय को 3 सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो स्थानीय युवाओं के भविष्य को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें 13 बालिकाएं और 12 बालक शामिल हैं। इस अवसर पर विंग कमांडर विवेक कुमार साहू ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक श्रीमती गोमती साय और श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं हवाई पट्टी पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और कैडेट्स से संवाद किया। कैडेट्स ने उन्हें विमान से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ भी साझा कीं।

# डेंगुरनाला में होगा पुलिया का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बरसात के दिनों में टापू बन जा रहे डेंगुरनाला के बहाव का अवलोकन करने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत खुद पानी में उतर बहाव का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके से ही वन मंत्री केदार कश्यप से दूरभाष में जानकारी देते हुए वस्तु स्थिति से अवगत कराई और मांग किया कि जल्द ही इसका त्वरित निराकरण किया जाए।

■ आवागमन में हो रही समस्याओं का जल्द होगा निराकरण


ग्रामीणों को संबोधित करतीं विधायक रायमुनी।

वन मंत्री केदार कश्यप ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का निराकरण किया जायेगा। तीन पंचायतों के लिए प्रमुख मार्ग बगीचा ब्लाक में स्थित डेंगुरजोर नाला में पुल का न होना सबसे बड़ी समस्या है। इतना ही नहीं यहां सड़क के जर्जर होने से आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**जाने क्या है मामला:** गुरुवार को दोपहर ग्रामीणों ने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत को ग्रामीणों ने उनके निवास पहुंचकर बताया कि हम सभी जनता जगह जगह आवेदन देकर हार मान चुके है आप हमारे विधायक है सड़क पुल की समस्या का समाधान अब आपके हाथों में है,जिसमें उन्होंने मौके पर पहुंच कर मुआयना कर आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री, वन मंत्री से मिलकर सड़क को सुगम बनवा देंगे। गायलुंगा के उपसरपंच शिव यादव, बच्छरांव सरपंच शंकर राम बरला,संभु सिंह साहीडाँड़ ने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के पास पहुंच कर सड़क और पुल की स्थिति से अवगत कराया एवं गत दिनों नवजात शिशु और महिला को दो लोगों के सहारे नाला को पार करते वीडियो भी दिखाया गया। इस पीड़ा ने विधायक श्रीमती भगत को झकझोर दिया। उन्होंने एक पल भी देरी न करते हुए 90 किमी का सफर कर तत्काल मौके पर पहुंच कर डेंगुरजोर नाला में उतर कर पानी के बहाव का अवलोकन किया।

## बाइक समेत नदी में गिर गए दो युवक, एक का मिला शव

**अम्बिकापुर।** मां को लेने जाने के नाम पर घर से निकले युवक का शव घुनघुट्टा के खर्रा नदी में तैरते मिला है। घटना स्थल पर पुलिस को युवक की बाइक भी मिली है। युवक अपने दोस्त के साथ निकला था लेकिन फिलहाल दूसरे युवक का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा दूसरे युवक की तलाश के लिए घुनघुट्टा बांध के गेट को बंद कर सर्च अभियान चलाया गया। वहीं पुलिस द्वारा इस मामले कि दूसरे एंगल से भी जांच की जा रही है। फिलहाल यह माना जा रहा है कि युवकों की अनियंत्रित होकर नदी में गिरी होगी। बताया जा रहा है की गुरुवार की दोपहर स्थानीय लोगों ने घुनघुट्टा बांध के खर्रा नदी में युवक का शव देखा था। शव नदी किनारे पत्थरों के बीच फंसे युवक के शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मृतक कि पहचान बेलखरिखा के पलगढ़ी निवासी 20 वर्षीय हिमांशु आ. अमय लाल के रूप में की है।

# 22 लीटर से अधिक नशीली कफ सिरप जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत कोतबा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 हजार रुपए मूल्य की 228 शीशी प्रतिबंधित ऑनरेक्स कोडीन कफ सिरप जब्त की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी कोतबा क्षेत्र के हाईस्कूल पारा निवासी मनीष सिंह 34 अपने साथी मो.शाहिद खान 28, निवासी रोकबहार के साथ मिलकर गुमला झारखंड से भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप लाकर लैलूंगा बेचने की तैयारी में था।



जब्त नशीली सीरप के साथ आरोपी।

### मुखबिर की सूचना पर की गई नाकेबंदी

कोतबा पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी हीरो होंडा मोटरसाइकिल सीजी 14-बी-1267 में सवार होकर गांझियाडीह की ओर से प्रतिबंधित सिरप लेकर आ रहे हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर ग्राम रोकबहार के गांधी चौक के पास घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के पास से दो थैलों में कुल 22.8 लीटर कफ सिरप 228 नग बरामद किए गए। जब उनसे वैध दस्तावेज मांगे गए तब वे प्रस्तुत नहीं कर सके। मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कड़ी कार्रवाई का भरोसा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। नशे के कारोबार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात पूरे जिले में लगातार जारी रहेगा।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफ चौकी कोतबा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त कफ सिरप की बाजार में कीमत लगभग 44 हजार रुपए बताई जा रही है।

## संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी स्पर्धा आयोजित

**जशपुरनगर।** शुक्रवार को एस्ट्रोटर्फ हांकी ग्राउंड में संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें सरगुजा संभाग से बलरामपुर , अंबिकापुर , एवं जशपुर की बालक -15वर्ष, बालक -17 वर्ष , बालिका-17 वर्ष की टीम ने भाग लिया । पहला मैच बालिका वर्ग में बलरामपुर वर्सेश अंबिकापुर के मध्य खेला गया । जिसमें अंबिकापुर ने बलरामपुर को 5-0 से हराकर मैच जीता। दूसरे मैच में अंबिकापुर एव जशपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुक़ाबले में जशपुर ने अंबिकापुर को 2 -0 सें हराकर रज्य स्तरीय नेहरू हांकी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफ़ाई किया। उसी प्रकार बालक 17-वर्ष , वर्ग में जशपुर और बलरामपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमे जशपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बलरामपुर को एकतरफा मुक़ाबले में 7-0 से पराजित कर राज्य स्तरीय नेहरू हांकी प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाई कर लिया। बालक -15 वर्ष में सरगुजा संभाग के जशपुर जिला के अलावा किसी भी जिला से टीम नहीं आई। जिससे जशपुर जिला की टीम स्वतः ही राज्य स्तरीय नेहरू हांकी प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाई कर गई। बालक -15 वर्ष जशपुर विजेता, बालक -17 वर्ष जशपुर विजेता, बालिका -17वर्ष जशपुर विजेता, जशपुर में 28 अगस्त 25 से होने वाली राज्य स्तरीय नेहरू हांकी प्रतियोगिता हेतु जशपुर जिला की तीनो टीमों ने क्वालिफाई कर लिया है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी साढ़े 22 लाख की पुलिया


# पहली बारिश में पुलिया बही, 30 परिवारों का आवागमन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर के वार्ड क्रमांक एक में सतीघाट स्थित रपटा पुल पहली बड़ी बारिस में ढह गया। यह पुलिया वार्ड क्रमांक एक का एक मात्र भालुखार टिपकडांड़ सागरपाली पहुंच मार्ग हैं. जिसमें 30 परिवारों से अधिक लोग निवासरत है।

■ नगर पंचायत की लापरवाही उजागर

आवागमन बंद हो जाने से यहां संचालित स्कूलों सहित स्वास्थ्य सुविधाओं व दैनिक दिनचर्या के वस्तुओं के लिये लोगों जहदोजद का सामना करना पड़ेगा। गुरुवार दोपहर और रात को अनवरत बारिश में भैरवी नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। जिससे शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे पुल का एक हिस्सा ढह गया। जिससे आने जाने वालों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। कांग्रेस के शासनकाल में नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत अधोसंरचना मद से 22.38 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया गया था। भारी बरसात के पानी में पुल के ढह जाने से आवागमन बाधित हो गया है। चार पहिया वाहन एम्बुलेंस वगैरह का पहुंचना अब खतरे में है। चार पहिया वाहन व पैदल भी बहते पानी के ऊपर से खतरा मोल ले कर पार हो रहे है। पूरा मोहल्ला कोतबा नगर के बाजार पर आश्रित है। राशन दवाई से लेकर हर जरूरत की समान व अन्य कामकाज के लिए कोतबा मुख्य बाजार आना होता है। खेती किसानी के सीजन में खाद-बीज परिवहन में भी यही एक पहुंच मार्ग है घटना को सामने देखने वाले चश्मदीद शिक्षक सूरज साहू ने बताया कि वे स्कूल जा रहे थे। भालुखार की ओर से एक बाइक वाला पुल के ऊपर से उसी हिस्से से पार हुवा पानी करीब घुटने से नीचे तक पुल के ऊपर से बह रहा था ।


बारिश में ढहने के बाद पुलिया की स्थिति।

### जानकारी मिली है

नदी का जलस्तर बढ़ने से रपटा पुल ढह जाने की सूचना मिली हैं। वार्डवासियों के आवागमन बाधित न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था तत्काल उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके लिए जलस्तर कम होते ही आवश्यक कार्य करवाए जायेंगे।

-टीआर यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कोतबा

## एक पेड़ मां के नाम : महाकुल यादव समाज ने किया पौधरोपण

**जशपुरनगर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर महाकुल यादव समाज द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत गिरी गोवर्धन धाम, फरसाबहार तहसील, जशपुर में पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में मातृसम्मान, श्रद्धा और चेतना को जागृत करना था।

इस अभियान का नेतृत्व प्रदेश महाकुल यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश यादव के आह्वान पर किया गया, जिनके मार्गदर्शन में सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। समाज के लोगों ने अपनी मां के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाकुल यादव समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अशोक यादव, नरसिंह यादव, मुरली यादव, हिमसागर खुटिया,जयराम खुटिया सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों का भी योगदान रहा। इस मौके पर डीडीसी वेदप्रकाश भगत एवं मंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया। पर्यावरण और सामाजिक मूल्यों की प्रेरणा यह पौधरोपण अभियान न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैला रहा है, बल्कि समाज में मां जैसे आदर्श प्रतीकों के प्रति सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रहा है।"एक पेड़ माँ के नाम" का यह भावपूर्ण संदेश आज एक जन-आंदोलन का रूप ले रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बन चुका है।





# वॉर 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले दीवाने हुए एनटीआर के फैंस

**मुंबई।** मेकर्स 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में ट्रेलर को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिल्म के ट्रेलर से पहले अब जूनियर एनटीआर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने एनटीआर के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सेलिब्रेशन भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीर काफी वायरल हो रही है। जिसे एनटीआर के फैंस काफी शेयर कर रहे हैं। इसमें जूनियर एनटीआर का नाम आसमान में लिखा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है आसमान में 'एनटीआर वॉर 2' लिखा हुआ है।



लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबीर के साथ सेल्फी के पीछे की बताई कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना ने 2022 में बॉलीवुड में फिल्म गुडबाय से डेब्यू किया। 2023 में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आईं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं, लेकिन रश्मिका और रणबीर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

रश्मिका ने बताया कि फिल्म एनिमल' के आखिरी दिन उन्होंने रणबीर कपूर से कहा, हमें एक तस्वीर लेनी चाहिए, क्योंकि वह आमतौर पर सेट पर फोटो नहीं खींचतीं। उन्होंने आगे कहा, रणबीर बहुत दयालु और सहयोगी हैं। वह मेरे लिए एक अच्छे दोस्त हैं। उस सेल्फी में रश्मिका ने नीला कुर्ता पहना था, जबकि रणबीर लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। यह फिल्म पहले भाग से कहीं और ज्यादा दमदार होगी। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मिका मंदाना फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के अलावा रश्मिका फिल्म थामा में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। वहीं, रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म के अलावा रणबीर फिल्म रामायण में नजर आएंगे।

हॉलीवुड मसाला



# गानों में हैं उतार-चढ़ाव का दर्द

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर जेनिफर लोपेज चर्चा में हैं। उन्होंने इटली में 'लुक्का समर फेस्टिवल' में शिरकत की। इस दौरान ना सिर्फ अपने गाने से दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि हजारों फैंस के भीड़ के सामने खुलकर अपने 'बेडरूम सीक्रेट्स' शेयर किए। उनकी बातें सुनकर किसी ने तालियां बजाई तो कोई हैरान रह गया। कुछ लोग इसे उनके एक्स हसबैंड बेन एफ्लेक से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेनिफर ने एक नए एल्बम के लिए कई गाने हैं। इनमें से ज्यादातर गाने बेन एफ्लेक के साथ उनके उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते से लिए गए हैं।



# अफेयर कांड को भुला नहीं पाए हैं क्रिस मार्टिन

**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से।



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी बयान

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की फिल्म बयान अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियों में छा गई है। अब हुमा की फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। बयान को डिस्कवरी सेक्शन में चुना गया है। इस कैटेगरी में चुनी गई हुमा की बयान इकलौती भारतीय फिल्म है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बयान का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर के महीने में होगा। हुमा कुरैशी स्टारर बयान एक पुलिस थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन विकास रंजन मिश्रा ने किया है, जो इससे पहले चौरंगा लिए जाने जाते हैं। हुमा इस फिल्म में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं। हुमा के अलावा फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष, अविजीत दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पेरी छाबड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# रामायण में असमिया अभिनेत्री की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी निर्देशित और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। यह फिल्म दो भागों में बन रही है। इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म में एक असमिया एक्ट्रेस भी अहम किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म रामायण में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म रामायण में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# नए सीजन में नजर नहीं आएंगे 'क्योंकि सास भी ' के ये

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, लगभग 8 साल तक यह सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। इस सीरियल से एक्ट्रेस स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। कई और एक्टर्स भी इस सीरियल से स्टार बने। 29 जुलाई को यह सीरियल अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। इस बार भी स्मृति ईरानी तुलसी का आइकॉनिक रोल करेंगी मगर कुछ जाने-माने एक्टर्स इस सीरियल में नजर नहीं आएंगे। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नजर नहीं आएंगी। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। बा सीरियल में विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी के किरदार का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। असल में भी सुधा शिवपुरी का निधन साल 2015 में हुआ। सीरियल में तुलसी विरानी की सास सविता का रोल अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि पुराने वर्जन में उनकी भी मौत को दिखाया गया। तुलसी विरानी के बड़े बेटे गौतम का रोल सुमित सचदेव ने किया था। यह किरदार 25 साल पहले लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया था। अचानक सीरियल में यह किरदार कम नजर आने लगा।

## बिग बॉस में इस बार घर वाले ही लेंगे फैसले

**नई दिल्ली।** फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन जल्द शुरू होगा। सलमान खान फिर से होस्टिंग करेंगे। उम्मीद है कि शो का प्रीमियर अगले महीने होगा। इस बार कंटेस्टेंट चुनने में दर्शकों की भूमिका होगी।



'बिग बॉस 19' का घर 20 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शो को एक बार फिर सलमान खान होस्ट करेंगे। अब तक सीजन 19 के कंटेस्टेंट बनने के लिए 45 हस्तियों से संपर्क किया गया है। जैसा कि पहले भी बताया था, 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा और यह शो पांच महीने तक चलेगा। सलमान खान 27 और 28 अगस्त को शो के प्रीमियर के लिए शूटिंग करेंगे और 29 अगस्त को कंटेस्टेंट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसके बाद वे घर में एंट्री करेंगे। बिग बॉस 19 की थीम रिवाइंड है, जहां घरवाले बेघर होने में अहम भूमिका निभाएंगे और दर्शक चुनेंगे कि किसे नॉमिनेट करना है। सूत्र के मुताबिक, घर के कामकाज में कंटेस्टेंट्स को पूरी आजादी होगी, राशन तय करने से लेकर कौन से काम करने हैं और कौन से नहीं, सभी फैसले घर वाले ही लेंगे और फिर बिग बॉस को बताया जाएगा।

# आमिर मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में फहराएंगे तिरंगा ...

**मुंबई।** अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

***बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी*** : आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।



### पूरे महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होंगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

# सैयारा के क्लाईमैक्स को देख क्यों मर-मिट रहे दर्शक

**नई दिल्ली।** सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म को देख थिएटर में नौजवान आंसू बहा रहे हैं। कई तो बेहोश भी हो गए और कइयों ने मजनू वाली हरकते कीं। सैयारा के साथ-साथ नौजवान ऑडियंस भी प्यार में पागल होती दिख रही है। फिल्म के इमोशनल प्लॉट ने दर्शकों को अंदर से तोड़ दिया है, जिसका नजारा थिएटर में देखने को मिल रहा है। क्या सैयारा का क्लाईमैक्स बहुत ही ज्यादा इमोशनल करने वाला है? क्या फिल्म का अंत देख नौजवानों के दिलों को चोट पहुंच रही है? आखिर सैयारा के क्लाईमैक्स में ऐसा क्या है, जो दर्शकों को पागल कर रुला रहा है। यहां हम आपको यहां सैयारा के क्लाईमैक्स के उन 5 कारणों को बताने जा रहे हैं, जो दर्शकों को रुला रहे हैं।

**इमोशनल स्टोरी** : सैयारा रोमांटिक होने के साथ-साथ भावनात्मक कहानी भी है, जिसमें प्यार, दर्द और दिल टूटने की कहानी दिखाई जा रही है। फिल्म में नए चेहरे हैं, जिनके चेहरे पर प्यार को लेकर तड़प, बिछड़न और फिर दुख-दर्द नजर आता है और क्लाइमैक्स यही इमोशनल प्लॉट दर्शकों की मरने जैसी हालत कर रहा है।

**रिलेशनशिप** : क्लाईमैक्स उन लोगों को सबसे ज्यादा रुलाता है, जिनका प्यार मुकम्मल नहीं हो पाया या फिर कहें कि जिन्हें प्यार नहीं मिला है। रिलेशनशिप में होने के बाद भी जब प्यार कामयाब नहीं हो पाता है और बिछड़ने का डर मन में बैठ जाता है, तो वहां इंसान भावनात्मक रूप से टूट जाता है।

**अहान-अनीत की केमिस्ट्री** : प्यार में पड़े नौजवान कपल अहान और अनीत में खुद को इमेजिन कर रहे हैं और प्यार के बीच आने वाली हर उस मुश्किल और दर्द को अपना समझ रहे हैं, जिन्हें वो करीब से फेस कर चुके हैं। और तो और स्टार की लव केमिस्ट्री भी आंखें नम कर रही है।

**म्यूजिक** : क्लाइमैक्स में संगीत का ऐसा मिश्रण सुनने को मिला है, जो दिल टूटे आशिकों की आंखों में पानी ला देता है और गला रूंध जाता है।



**हैपिंग एंडिंग** : आशिकी 2 में मोहित सूरी ने एक्टर को मारकर बहुत बड़ी गलती की थी। आशिकी 2 का सबसे कमजोर पक्ष यही था, लेकिन उन्होंने यह गलती सैयारा में नहीं दोहराई। कृष और वाणी का मिलन और फिर उनकी शादी ने दर्शकों में पॉजिटिव मैसेज भेजा और फिल्म की हैप्पी एंडिंग ने भी उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया।

## हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं समीर के नाम

# संगीत के लिए किसी के पास दिल नहीं, तो फिर वह पत्थर है



*नई दिल्ली। संगीतकार ऐसी चीज है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है। हर किसी के दिल मे संगीत होता है। अगर किसी के पास संगीत के लिए दिल नहीं है तो फिर वह दिल नहीं पत्थर है। यह कहना है भारत के दिग्गज गीतकार समीर अनजान का। फिल्मी दुनिया में समीर अनजान, एक ऐसा नाम है जो किसी के लिए अनजान नहीं है। हिंदुस्तान में रहने वाले लोग उनके गीतों को सुनकर और गुनगुनाकर मोहब्बत का इजहार करते हैं। एक ऐसा गीतकार, जिसे यह कला विरासत में मिली, लेकिन उन्होंने अपने पिता की खींची गई लकीर से भी लंबी लाइन खींच दी। उनके नाम हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। समीर अनजान ने एक बातचीत में बॉलीवुड के नेपोटिज्म, राजनीति और म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने सफर की अनसुनी कहानियां सुनाईं।*

### लोगों को मेरा असली नाम पसंद नहीं आया तो अनजान बन गया

उत्तर प्रदेश के बनारस के शीतला पांडेय कैसे समीर अनजान बने इस पर वह कहते हैं कि मेरी पहली कविता बनारस के एक प्रमुख अखबार जयदेश में प्रकाशित हुई। उस वक्त में इस अखबार को उसके ऑफिस की दीवार पर लगाया जाता था। पहली बार जब कविता लगी तो लोगों ने कहा कि शीतला पांडेय तो किसी क्लर्क या किसी शिक्षक का नाम लगता है। इसके बाद में दो-तीन कविता घर के नाम राजन से लिखीं, उस पर भी कोई रिएक्शन नहीं आया। उस वक्त मैं समीर का एक नॉवेल पढ़ रहा था। मैंने विचार किया और अगली कविता इसी नाम से लिखकर दे दी। इस पर लोगों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला। इसी से मुझे पहचान भी मिली।

### पिता नहीं चाहते थे कि मैं गीतकार बनूं

**आखिर पिता ने ही सिखाईं बारीकियां** : अनजान बताते हैं कि जब मैं मुंबई से अपने घर आया तो मां ने मेरी हालत देखकर पिताजी को मुंबई में खत लिखा कि बेटा मुंबई में बहुत संघर्ष कर रहा है। पिताजी को इसकी जानकारी नहीं थी। खोज खबर ली और कुछ रिश्तेदार मुझे उनके पास ले गए। उन्होंने मुझसे कई सवाल पूछे। वह समझ गए थे कि मैं मुंबई छोड़कर जाने वाला नही हूं। इसके बाद मुझे उन्होंने अपने पास रहने के लिए बुला लिया। उन्होंने संगीत लाइन की कई बारीकियों को सिखाया और समझाया। फिर कुछ दिन बाद एक ऐसा मोड़ आया कि पिताजी खुद बोले कि अब तुम तैयार हो जाओ, आकाश तुम्हारा है।

बनारस छोड़कर मुंबई पहुंचने के सवाल पर उन्होंने बताया कि पिताजी लाला जी पांडेय ने 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद सफलता हासिल की थी। उन्होंने मुझे बोला था सबकुछ करना, लेकिन गीतकार बनने की कोशिश मत करना। पढ़ाई के बाद मेरी सरकारी बैंक में जॉब भी लग गई। इस बीच मेरा शौक परवान चढ़ रहा था। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि मैं बैंक में क्या कर रहा हूं? फिर मैंने जॉब छोड़ दी। इसके बाद सीधे मुंबई के लिए निकल गया।

### 5 हजार गीत लिख चुके

1983 से फिल्मों के गीत लिख रहे अनजान बताते हैं कि सबसे ज्यादा गीत लिखने का अवॉर्ड उनके नाम है। करीब 5 हजार गीत लिख चुका हूं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। मोहम्मद रफी साहब को छोड़कर करीब-करीब सभी प्रमुख गायक-गायिकाएं मेरे लिखे गाने गा चुके हैं। मैं आज फिल्मी दुनिया की चौथी पीढ़ी के साथ काम कर रहा हूं। हर पीढ़ी के हिसाब से मैं खुद को बदलते आया हूं। मैंने खुद को हर समय अपडेट किया। साजन, राजा हिंदुस्तानी, कुछ कुछ होता है, जैसी कई अहम फिल्मों के गीत मेरे लिए खास हैं।

## खबर संक्षेप



### बिलाईगढ़ की सड़कों पर गड्ढों की भरमार

**सरसींवा।** बिलाईगढ़ मुख्यालय की सड़कें इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी हैं। दुम्हनी, गोविंदवन, एपननी मार्ग सहित विभिन्न मार्गों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे रोजाना राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। बंगला भाटा, कचहरी चौक, अटल चौक, हटरी, बस स्टैंड, दशहरा चौक आदि क्षेत्रों में सड़कें खस्ताहाल हैं। एसडीओ डी.एल. बंजारे ने बेहद संवेदनहीन उत्तर में कहा कि मैं कुछ नहीं कर सकता, टेंडर लगेगा तो काम होगा। वहीं कार्यपालन अभियंता पी.एल. पैकरा ने बताया कि सड़क मरम्मत का टेंडर हो चुका है और कार्य जल्द शुरू होगा।

### संस्कृति की अनमोल धरोहर हरेली : राजेन्द्र

**सरिया।** शिक्षक और प्रकृति प्रेमी राजेन्द्र चौहान ने हरेली पर्व को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर



बताते हुए इसकी परंपराओं को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पर्व प्रकृति, कृषि और पशुधन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हरेली के दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। गाँवों में गेड़ी दौड़, पूजा-पाठ, देवता वंदना, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं। चौहान ने बताया कि वे विगत 10 वर्षों से पौधों को संरक्षित कर उन्हें स्कूल और सार्वजनिक स्थलों पर रोपते हैं। इस वर्ष उन्होंने सेव और लीची के पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे और अपने पिता द्वारा बनाई गई गेड़ी पर चढ़कर पर्व का आनंद लिया।

### प्रगति स्कूल में हरेली पर्व की रही धूम



**चंद्रपुर।** प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल अमलडीहा में हरेली पर्व पारंपरिक उल्लास और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप मनाया गया। प्राचार्य जयश्री दीपेश पुरोहित ने विद्यार्थियों को पर्व के महत्व और परंपराओं की जानकारी दी। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने पारंपरिक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि "बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखना आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

### बारिश से सक्ती मालखरौदा मार्ग पर गिरा पेड़

**मालखरौदा।** झमाझम बारिश के चलते सक्ती मालखरौदा मार्ग पर पेड़ गिर गया। जिसके चलते मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि सक्ती जिले के मालखरौदा क्षेत्र में बुधवार की रात से झमाझम बारिश जारी है। झमाझम बारिश के चलते सक्ती मालखरौदा मार्ग पर बिजली तार के ऊपर पेड गिर गया। जिसके चलते ना केवल मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है, बल्कि विद्युत सेवा भी बाधित रही।

## निधन

### धनीराम गुप्ता



**पुसौर।** ग्राम पंचायत की जल वितरण व्यवस्था में वर्षों तक सेवा देने वाले धनीराम गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा बूथ अध्यक्ष सुनील गुप्ता के पिता थे। पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक जताया और कहा कि जल आपूर्ति व्यवस्था में उनकी सेवाएं सदैव याद रखी जाएंगी।

### ट्रांसफार्मर और पोल टूटे, सर्किट हाउस का कंट्रोल पैनल भी जल गया

# भारी बारिश ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, शहर से लेकर गांव तक अंधेरे में डूबे कई इलाके





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को हुई तेज बारिश ने जिले की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई जगहों पर बिजली पोल टूट गए, ट्रांसफार्मर फेल हो गए और सर्किट हाउस का पूरा कंट्रोल पैनल जलकर खाक हो गया।

बारिश के बाद सबसे बड़ी घटना बूढ़ी माई मंदिर के पास घटी, जहां एक विशालकाय पुराना पीपल का पेड़ गिर गया। बताया गया कि यह पेड़ वर्षों पुराना था और बारिश के चलते अचानक धराशायी हो गया।

इसके गिरने से आसपास के कई बिजली खंभे टूट गए और तारों की पूरी व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। नतीजतनए क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। हालांकि सुबह होते ही नगर निगम की टीम सक्रिय हुई और गिरे हुए पेड़ को हटाया गया। लेकिन तब तक पूरा इलाका रात भर अंधेरे में डूबा रहा।

### जनता को करना पड़ा भारी परेशानी का सामना

बिजली बंद होने के चलते न सिर्फ लोग अंधेरे में रहे, बल्कि पानी की सप्लाई, मोबाइल चार्जिंग, इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य जरूरी काम भी बाधित हुए। गर्मी और उमस के बीच लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्य से स्थिति में धीरे.धीरे सुधार हो रहा हैए लेकिन यह घटना फिर एक बार सवाल खड़े करती है कि क्या जिले की बिजली संरचना आपदा के लिए तैयार है।

### बिजली विभाग की टीम जुटी बहाली में

बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री गूंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम रात भर बिजली व्यवस्था को सुधारने में लगी रही। उन्होंने कहा कि अधिकतर क्षेत्रों में रात के समय ही बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। शेष स्थानों पर अभी भी छोटे मोटे सुधार कार्य जैसे टूटे पोल बदलना, ट्रांसफार्मर की मरम्मतए तार जोड़ने आदि का कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से सुधार किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द पूरी व्यवस्था सामान्य हो सके।

### सर्किट हाउस और आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित

मेडिकल कॉलेज रोड ट्रांसपोर्ट नगर और मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र के साथ-साथ सर्किट हाउस क्षेत्र की भी बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। यहां आकाशीय बिजली गिरने से सर्किट हाउस का कंट्रोल पैनल पूरी तरह जल गया। इससे पूरे इलाके की आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग की टीम ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और मरम्मत कार्य में जुट गई। देर रात तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी, लेकिन कुछ स्थानों पर सुधार कार्य अब भी जारी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब

ग्रामीण इलाकों की बात करें तो स्थिति और भी ज्यादा गंभीर रही। पुटकापुरी जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। बताया गया कि पुटकापुरी क्षेत्र में बारिश के कारण करीब 15 से 20 बिजली खंभे गिर गए। वहीं कापु में तो करीब 24 घंटे तक बिजली की सप्लाई ही नहीं हो सकी। इसके अलावा गढ़उमरिया, खैरपुर इत्यादि क्षेत्र में भी रातभर बिजली गुल रही। इन गांवों में लोग पूरी रात अंधेरे में रहे, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

# आदर्श ग्राम कुकदा की गली कीचड़ से सराबोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

आदर्श ग्राम कुकदा का वार्ड क्रमांक 13 की गली कीचड़ से सरोबोर हो गया है, जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

रोजाना बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे उन्हें चोटें लग रही हैं और उनके यूनिफॉर्म भी गंदे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार सरपंच और पंचों को गली की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। न तो कीचड़ हटाने की पहल हुई है और न ही सफाई कराई जा रही है। गांववाले प्रशासनिक लापरवाही से नाराज हैं। उनका कहना है कि आदर्श ग्राम का दर्जा केवल कागजों में है, ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सफाई और पक्कीकरण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# निगरानी टीम ने मुकडेगा एवं हीरापुर ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित राष्ट्रीय स्तर की निगरानी टीम ने रायगढ़ जिले के लैलूंगा ब्लॉक अंतर्गत मुकडेगा एवं हीरापुर ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में पहुंची। यह दौरा 21 से 30 जुलाई तक चल रहे 10.दिवसीय मूल्यांकन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जिले में ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावशील कार्यान्वयन का समग्र मूल्यांकन करना है। टीम में निगरानी एवं मूल्यांकन विशेषज्ञ जगबीर सिंह एवं राम सागर शामिल रहे।



निरीक्षण दल ने मुकडेगा एवं हीरापुर ग्राम पंचायत में प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया। जिसमें ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित सभी रिकॉर्ड की सटीकताए पारदर्शिता और राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन के लिए गहन समीक्षा की गई। त्रुटियों पर सुधार के लिए सुझाव दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण स्थलों का दौरा कर प्रगतिए गुणवत्ता और मानकों के पालन की जानकारी ली गई। साथ ही समय.सीमा का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। मनरेगा के तहत कार्यस्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों की भागीदारी, परियोजना निष्पादन और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। जिसमें श्रमिकों की संतोषजनक भागीदारी के साथ अधोसंरचना संबंधी कार्यों की लंबे समय तक मजबूती व गुणवत्ता संबंधी सुझाव दिए गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित ग्रामीण सड़कों की स्थितिए निर्माण गुणवत्ता और रख.रखाव की जांच की गई एवं साइनेज और नियमित रख.रखाव के लिए सुझाव दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व.सहायता समूहों और आजीविका संवर्धन के प्रयासों के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए एनआरएलएम रिकॉर्ड की समीक्षा की गई।

# विशालपुर में 100 सालों से नहीं बना मुक्तिधाम बरसात में शव दाह में होती है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



सारंगढ़ से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित विशालपुर गांव एक ऐतिहासिक पहचान रखने के बावजूद आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। लगभग 250 से 300 की जनसंख्या वाले इस गांव में बीते 100 वर्षों से आज तक एक भी मुक्तिधाम श्मशान घाट नहीं बन पाया है। इससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय खासकर बरसात के दिनों में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसारए बारिश के मौसम में शवों को जलाने के लिए उपयुक्त स्थल नहीं होने से ताला तालाब के पार खुले में अंतिम संस्कार करना पड़ता है। न तो वहां तक जाने के लिए समुचित रास्ता है और न ही शवदाह के लिए पक्की या सुरक्षित जगह। यह स्थिति न केवल भावनात्मक रूप से पीड़ादायक है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय है। गांव के इतिहास की बात करें तो विशालपुर को राजा जवाहिर सिंह के समय बसाया गया था। बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि राजा के आदेश पर बरभाठा गांव से हेतराम टंडन राजा के खमारी के परिवार से छह भाइयों को लाकर इस गांव की नींव रखी गई थी। स्वयं राजा ने इस गांव का नाम विशालपुर रखा था। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि राजा के जमाने से लेकर आज तक कई सरपंच बदले, पंचायतें आईं गईं यहां तक कि गांव शहरी क्षेत्र से भी जुड़ गया। बावजूद इसकेए दो बार अलग अलग दलों बीजेपी और कांग्रेस के अध्यक्ष और दो बार पार्षद बनने के बाद भी मुक्तिधाम का निर्माण आज तक अधूरा ही रहा।

### प्रशासन से की कई बार शिकायतए नहीं हुई कोई कार्यवाही

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इसकी जानकारी दीए ज्ञापन सौंपा और व्यक्तिगत रूप से भी समस्या से अवगत कराया। परंतु किसी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजबूरी में हर अंतिम यात्रा के लिए गांववाले कंधों पर शव उठाकर तालाब के पार जाते हैं और खुले में ही दाह संस्कार करते हैं।

## शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास पुलिस गस्त बढ़ाने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका परिषद अकलतरा के सभापति पुरुषोत्तम नामदेव ने नगर के शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग को लेकर अकलतरा के नव पदस्थ थाना प्रभारी भास्कर शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।



थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते सभापति।

पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि नगर में अनेक निजी व शासकीय शैक्षणिक संस्थाएं हैं जहां पर अकलतरा व आसपास के गांव से बड़ी संख्या में विद्यार्थी विद्या अध्ययन करने आते हैं। स्कूल लगने व छुट्टी होने के समय इन क्षेत्रों में विशेष भीड़ हो जाती है और कभी-कभी कारणों से ऐसी विवादित स्थितियां उत्पन्न हो जाती है जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं,खासकर छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा से मुलाकात कर सभी विद्यालयों के आसपास समय-समय पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा नगर के शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास सकारात्मक कदम उठाने आश्वासन दिया गया।

# स्वयं सेवकों एवं प्राध्यापकों ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

**राहौद।** नगर के अग्रणी शिक्षा संस्थान राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) में एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार वृक्ष का रोपड़ कर वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान पृथ्वी के वृक्षारोपण की महत्ता को बताया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी तेनुजा साहू तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप, सहायक प्राध्यापक जी.पी. कौशिक , श्याम साहू, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवम् प्रदीप वर्मा, अनिल कश्यप ने अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं सभी एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका ने अपने सहभागिता निभाई देवेंद्र , प्रवीण, अर्चना, भारती, संजय,तरुण, सुनील,सुष्मिता, राम कुमारी,अर्चना, ज्योति, अजय, अंजना, कुलदीप,कल्याणी का विशेष योगदान रहा।




पौधरोपण के दौरान उपस्थित स्वयं सेवक एवं प्राध्यापक।

# पुसौर अंचल में हरेली पर पूजे गए देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



हरेली पर्व के अवसर पर पुसौर थाना क्षेत्र के लगभग 140 ग्रामों में श्रद्धालुओं ने ग्राम देवी-देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना की। पुसौर मुख्यालय के चारों दिशाओं में स्थापित मंदिरों में भी पूजा संपन्न हुई। पूर्व परंपराओं के अनुसार, नकारात्मक ऊर्जा से बचाने की शांति पूजा की जाती थी जिसमें गरम सलाख से पेट में दागना और दरवाजों में अभिमंत्रित कील ठोकना शामिल था। अब यह परंपराएं लगभग समाप्त हो गई हैं और पूजा केवल विधिवत मंत्रोच्चार और नारियल चढ़ाने तक सीमित रह गई है। पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर ने बताया कि पुसौर के पूर्व में दाउ बाबा, दक्षिण में माउली-समलाई, पश्चिम में लालाधुरिया, उत्तर में सोढापाठ और बीच बस्ती में देवलास देवता विराजमान हैं। बलिप्रथा भी अब लगभग समाप्त हो चुकी है, किन्तु सोढापाठ में कुछ परंपरागत प्रक्रियाएं अब भी जीवित हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि बलिप्रथा की बजाय लोग अब नारियल चढ़ाकर पूजा करते हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर मदिरा सेवन से अस्थायी विवाद भी होते हैं, परंतु थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के अनुसार कोई गंभीर अप्रिय घटना नहीं हुई।

### हरेली के अवसर पर स्कूल में रोपा गया नीम का पेड़

# स्काउटिंग से आता है व्यक्तित्व में निखार : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में आयोजित राज्य स्तरीय एडवांस प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन सारंगढ़–बिलाईगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जे.आर. डहरिया पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं से बातचीत कर जानकारी ली।

शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में 39 स्काउटर, 12 गाइडर और 9.9 रोवर-रेंजर प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य मुख्यालय से आए 12 प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। तृतीय दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को हाइक पर देवसागर ले जाया गया जहाँ उन्होंने खोज संकेतों के माध्यम से गंतव्य तक पहुँचना सीखा। इस अवसर पर डहरिया ने कहा, स्काउटिंग से व्यक्तित्व में निखार आता है और जीने का तरीका बदल जाता है। हमें इस माध्यम से बेहतर नागरिक तैयार करने हैं। उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता सुधार की आवश्यकता भी जताई और शासन के निर्देशानुसार परिणाम सुधार का आह्वान किया। हरेली पर्व के अवसर पर डहरिया ने स्कूल परिसर में नीम का पौधा रोपित किया और एक पेड़ मां के नामर् लगाने की अपील की। 25 जुलाई को विशाल ग्रेट कैंप फायर का आयोजन होगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, ग्रुप लीडर अजय जायसवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और स्काउटिंग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

